तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

सांसद खेल महोत्सव में दिखा ग्रामीण प्रतिभाओं का जलवा 14



धान खरीदी : जिले के 1.8 लाख किसानों का ... 13



## खबर संक्षेप

### 85 लाख के गबन के मामले में एक और हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** किसानों के लोन रकम को वसूली कर बैंक कर्मियों ने अपने उपयोग में लाकर जमा नहीं कर गबन करने के मामले में दसवां आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख की शिकायत पर चिनौरी जिला कांकेर निवासी हरिश पोया को गिरफ्तार किया गया है। अब तक गबन मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। गौरतलब हो की ग्राम चन्द्रखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 उपभोक्ताओं से बैंक का लोन वसूल कर उसे जमा न कर स्वयं के उपयोग में लाया। करीब आरोपियों ने 85 लाख रुपए का है। जब लोन को नोटिस किसानों के पास आया तो तब गबन का खुलासा हो पाया।

### चाकूबाज और नशाखोरों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 10 हजार तक का इनाम

**भिलाई।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने अनोखी पहल की है। उन्होंने दुर्ग जिले में युवकों के बीच लोगों को डराने धमकाने, दहशतगर्दी, चाकूबाजी और मारपीट जैसी वारदातों के पीछे हथियार और सूखे नशे के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाने के लिए गुप्त शिकायत पेटी विधायक कार्यालय में लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें कोई भी व्यक्ति चाकूबाद, संदिग्ध व्यक्तियों, नशाखोरी और आपराधिक कृत्य करने वालों की जानकारी दे सकता है। ऐसे लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा। साथ ही आरोपी के पकड़े जाने पर 1 हजार रुपए से 10 हजार रुपए तक का इनाम दिया जाएगा। बतां दें कि जिले में पिछले कुछ समय में अपराधों का ग्राफ बढ़ा है। इसके बाद यह निर्णय लिया गया।

### पॉवरग्रिड से प्रभावित किसानों को दिया गया मुआवजा

**दुर्ग।** अनुभाग दुर्ग अंतर्गत पावरग्रिड रायपुर पुल-धमतरी ट्रांसमिशन लिमिटेड, कार्यालय मेड़ेसरा तहसील धमधा, जिला दुर्ग द्वारा 400 केवी डबल सर्किट रायपुर पुल-धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया जारी है। अनुविभागीय अधिकारी रा. से प्राप्त जानकारी अनुसार इस परियोजना के तहत तहसील दुर्ग के अंतर्गत कुल 19 ग्राम ननकट्टी, झेन्झरी, डांडेसरा, ढाबा, भेडसर, नगपुरा, गनियारी, रसमड़ा, थनौद, चंगोरी, कोनारी, कुथरेल, भानपुरी, पाउवारा, जंजगिरी, मातरोडीह, कातरो, मचान्दुर एवं घुघसीडीह के कुल 971 कृषकों की भूमि प्रभावित हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुसार प्रभावित कृषकों को क्षतिपूर्ति मुआवजा वितरण हेतु कुल 4,61,88,017 की राशि स्वीकृत की गई है। अब तक 407 कृषकों को 2,51,70,904 का भुगतान किया जा चुका है।

# कल से होनी है धान खरीदी की शुरुआत, अब तक नहीं कटा टोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कल शनिवार 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी की तैयारियां अब तक धरातल पर नहीं आ पाई है, जहां समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल की वजह से केंद्रों में व्यवस्थाएं नहीं बन पा रही है। वहीं एप काम नहीं करने की वजह से अब तक किसानों को टोकन जारी नहीं हो पाए हैं। हालांकि पहले दिन औपचारिक खरीदी करने के लिए प्रशासन अपनी तैयारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार इस बार धान खरीदी कल शनिवार 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है। इससे पहले जिले में ट्रायल रन किया गया। समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के हड़ताल में होने के चलते नोडल और प्रभारी बनाए गए अधिकारियों के भरोसे यह ट्रायल रन किया गया। गौरतलब हो कि 3 नवंबर से कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने अपनी चार सूत्रीय मांगें पूरी होने के बाद काम पर लौटने की चेतावनी दी। दी है। ऐसे में कर्मचारियों की हड़ताल और शनिवार-रविवार अवकाश के चलते कल 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि कर्मचारियों की समय पर वेतन, कमीशन और पेनाल्टी राशि समेत 4 मांग है। वहीं अब तक जहां किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल पा रहा है। वहीं हड़ताल की वजह से अब तक ऑनलाइन टोकन भी जारी नहीं हो पाया है।

## हड़ताल से तैयारियां प्रभावित

### 17 से ही रफ्तार पकड़ेगी खरीदी

भले ही राज्य शासन के निर्देशानुसार कल 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी है, लेकिन इसमें कई पेंच फंस गए हैं। 15 नवंबर को शनिवार और 16 नवंबर को रविवार होने के कारण सरकारी अवकाश रहेगा, जिसने अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया है कि खरीदी वास्तव में कब से शुरू की जाए।




### प्रति क्विंटल 3169 रुपए

इस वर्ष 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ में अधिकतम 21 क्विंटल तक धान खरीदेगी। खरीदी का समर्थन मूल्य इस वर्ष 3 हजार 169 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 69 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी हुई है।

सरदार@150 यूनिटी मार्च

### एक भारत- श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ हुई रैली

# बेमेतरा में युवा और नागरिकों ने दिखाई देशभक्ति की भावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रव्यापी "सरदार@150 यूनिटी मार्च" का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार जिला मुख्यालय में यूनिटी मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के लिए प्रेरित करना था ।कार्यक्रम कि अध्यक्षता दयालदास बघेल मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे।

- बेमेतरा में सरदार@150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, रजक विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### सरदार पटेल ने भारत की एकता को दी अमिट पहचानः मंत्री

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने दृढ़ इच्छाशक्ति, राष्ट्रप्रेम और त्याग के बल पर भारत की रियासतों का एकीकरण कर देश की अखंडता को मजबूत नींव दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री श्री बघेल ने कहा हमें वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को अपनाते हुए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कर देश की अर्थव्यवस्था और युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाना चाहिए।"

**देशभक्ति के रंग में रंगा बेमेतरा शहर :** कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी, सरदार वल्लभभाई पटेल और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यर पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद 'एक भारत – श्रेष्ठ भारत' के संदेश के साथ फूलों की वर्षा करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यूनिटी मार्च की शुरुआत परशुराम चौक से हुई, जो सिग्नल चौक, गौरथ पथ, राम मंदिर, प्रताप चौक, भारत माता चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए पुनः परशुराम चौक पर समाप्त हुई। रैली में शामिल स्कूली बच्चों, युवाओं, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने "सरदार पटेल अमर रहें", "वंदे मातरम्", और "एक भारत – श्रेष्ठ भारत" के नारे लगाकर पूरे नगर को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

### आत्मनिर्भर भारत की ली गई शपथः सांसद

"यूनिटी मार्च" के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि "देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का जो संदेश दिया था, वही आज भी भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कौशल, परिश्रम और नवाचार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण" की शपथ दिलाई और कहा कि हमारा देश तभी सशक्त होगा, जब हर नागरिक आत्मनिर्भर बनेगा और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएगा। स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि देश की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग को केवल रोजगार की तलाश नहीं, बल्कि रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा सरदार पटेल ने जिस साहस से रियासतों का एकीकरण किया, उसी भावना से हमें समाज में भाईचारा, सद्भाव और विकास का सेतु बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। ▸▸| शेष पेज 13 पर

# कर्मचारी हड़ताल के चलते कलेक्टर ने की प्रभारी समिति प्रबंधकों की नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया

प्रदेश स्तर पर कृषक साख समितियों के कंप्यूटर आपरेटर, लिपिक, सहायक समिति प्रबंधक तथा चौकीदारो के हङताल मे चले जाने के चलते समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी व उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बेमेतरा जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने समिति कर्मचारियों के स्थान पर सुविधा अनुसार सहकारीता विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी के अतिरिक्त राजस्व, खाद्य व कृषि विभाग के साथ ही जिले मे उपलब्ध अन्य विभाग के कर्मचारियों को जिले के सभी कृषक साख समितियों मे समिति प्रबंधक का प्रभार सौपकर धान उपार्जन का कार्य करने का निर्देश जारी किये है साथ ही हङताली कर्मचारियों को काम लौटने 13 नवंबर तक का समय भी दिया गया है।

- कृषि, राजस्व, खाद्य व सहकारिता विभाग के कर्मचारियों को मिला प्रभार

जारी सूची मे पटवारी,समिति प्रबंधक,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को प्रभार दिया गया है,समितियों के कर्मचारी हङताल से धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना के मद्देनजर विकल्पित व्यवस्था किया गया है। तुहर टोकन मोबाईल एप के शुरू होने से अब किसानो को घर बैठे टोकन मिलना भी शुरू हो जाएगा,खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाईल एप के माध्यम से टोकन के लिए आरक्षित होगा। थान खम्हरिया तहसील के कृषक साख समिति सैगोना मे अनील क्षत्रीय (पटवारी),दर्री मे नारायण अग्रवाल (समिति प्रबंधक), थान खम्हरिया मे आशीष राजपूत ▸▸| शेष पेज 13 पर

# साक्षी को दिल्ली में राष्ट्रीय कल्चुरी गौरव सम्मान

हरिभमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बेमेतरा के प्राचार्य के सुपुत्री साक्षी जायसवाल को दिल्ली में मिला राष्ट्रीय कल्चुरी गौरव का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुआ साक्षी ने वायरलेस संचार तकनीकी का आविष्कार कर प्रदेश की पहली बालिका साइंटिस्ट बन गोल्डन बूक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी है। अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार महासभा, दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं की छात्रा बेटी साक्षी जायसवाल को राष्ट्रीय कलचुरी गौरव सर्वोच्च नागरीक सम्मान से नवाजा गया। दिल्ली के हरिमंदिर, गुरुतेग बहादुर नगर में संपन्न इस भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन में देश विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच कुल 19 व्यक्तियों को इस सर्वोच्च नागरी सम्मान से अलंकृत किया गया। यूपी के कैबिनेट मंत्री रविंद्र जायसवाल के हाथों यह सम्मान दिया गया। इसी तरह तमिलनाडु के राज भवन में राज्यपाल टी एन रवि एवं प्रधानमंत्री के सलाहकार से सम्मानित एवं लेफ्टिनेंट जनरल बी एस खण्डारे दिल्ली, रूसी व कजाकिस्तानी के अंतरिक्ष यात्री, नासा व इसरो सहित देश व विदेश के अनेको वैज्ञानिकों ने अब तक साक्षी जायसवाल को बाल वैज्ञानिक से सम्मानित कर चुके है। स्पेस किड्ज़ इंडिया, यंग साइंटिस्ट इंडिया व युवा वैज्ञानिक से लगातार तीन वर्षों से सम्मानित हो चुके हैं, फिल्मांकन में अहम रोल, कवयित्री, लेखिका, मोटिवेशनल स्पीकर, एवं वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय माना रायपुर एक्स नवोदय फाउंडेशन के ओर से परीक्षा सफलता के बाद सी ओ ई, जेईई, आई आई टी कोर्स के लिए चयनित हो चुकी है।

- छत्तीसगढ़ की बाल वैज्ञानिक को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान




# बेमेतरा में कल होगा जनजाति गौरव दिवस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन निर्देशानुसार कल 15 नवम्बर जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बेमेतरा जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका टाउन हॉल में प्रातः 10:30 बजे से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य शासन की जनजातीय गौरव और विरासत से जुड़ी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के योगदान पर विशेष चर्चा होगी। साथ ही जनजातीय संस्कृति, लोककला, नृत्य एवं परंपराओं के प्रदर्शन के माध्यम से समाज के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, जनजातीय समाज के गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जनजातीय छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता तथा जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी।

- 15 नवम्बर टाउन हॉल में होगा आयोजन



**मुख्य आकर्षणः** बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम, जनजातीय नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति, जनजातीय जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतियोगिताएँ, सामाजिक एकता और जनभागीदारी पर प्रेरक उद्बोधन होगा। यह आयोजन बेमेतरा जिले में जनजातीय समाज के गौरव, सम्मान और उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अवसर बनेगा।

### आयोजन की सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार आयोजन की सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम का संचालन अनुशासित, गरिमामय और जनसहभागिता आधारित हो। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सुश्री प्रेमलता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के समन्वय से आयोजन की रूपरेखा को मूर्त रूप देंगी। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं स्थानीय निकायों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। जनजाति गौरव दिवस का उद्देश्य समाज के हर वर्ग में आदिवासी नायकों के योगदान, उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ले सकें।

## डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के समन्वय से मिली सफलता

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा में पहला स्वतंत्र वीएच ऑपरेशन हुआ सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय में प्रथम स्वतंत्र वीएच (वेजाइनल हिस्ट्रेक्टॉमी) ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया, वेजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी यह एक प्रकार की शल्य चिकित्सा है जिसमें योनि के माध्यम से गर्भाशय को हटाया जाता है।

- बच्चादानी की समस्या का नि :शुल्क समाधान

प्राप्त जानकारी अनुसार सैगोना (कारेसरा) निवासी चम्पा बाई,51वर्ष विगत 7 माह से बच्चादानी बाहर निकलने के शिकायत से बहुत परेशान थी जिसपर उन्होंने पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारेसरा में जाकर जांच करवाई जहां उन्हें जांच कर जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ से मिलने कहा गया,चम्पा बाई ने जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विभा बर्मन से सम्पर्क कर अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराई ,स्थिति को देखते हुएं डॉक्टर बर्मन ने उनके संपूर्ण आवश्यक जांच कराने के बाद बताई कि यह परेशानी आपरेशन से बच्चादानी बाहर निकालने पर ही दूर हो सकती है जो कि उच्चोखिम ऑपरेशन है जिसके लिए बाहर जाना पड़ सकता है,परिजन के निवेदन पर डॉ विभा बर्मन ने सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू को अवगत कराते हुए उनके व परिजन के सहमति से जिला चिकित्सालय में ही स्वतंत्र वी एच ऑपरेशन की तैयारी हेतु निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अमिताभ साहू से सम्पर्क कर ऑपरेशन के लिए 12 नवम्बर तय कर आवश्यक तैयारी शुरू कर उक्त दिनांक को वी एच ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया जिसमें ऑपरेशन एक घंटा बीस मिनट देर तक चला,इस ऑपरेशन के बाद अभी हितग्राही पूर्णतः स्वस्थ महसूस कर रही हैं। यह वी एच ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड द्वारा जिला चिकित्सालय में पूर्णतः निःशुल्क किया गया है ।



### इनका रहा विशेष सहयोग

इस वी एच ऑपरेशन सफलता पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा से डॉ विभा बर्मन स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ अमिताभ साहू निश्चेतना विशेषज्ञ,नर्सिंग स्टाफ रूखमणि, ट्विंकल, के साथ ओटी सहायक राम, तोषण, रागिनी,पारस, कृष्णा आदि का प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

**पूर्णतः निशुल्क हुआ ऑपरेशनः** जिला चिकित्सालय में हुए इस वी एच ऑपरेशन के लिए चंपा बाई पति रघुराम साहू के पुत्र हेमलाल और पुखराज ने डॉ विभा बर्मन के साथ सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू का इस निःशुल्क सफलता पूर्वक सुविधा के साथ आपरेशन कराने के लिए आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि यदि यह ऑपरेशन यहां जिला चिकित्सालय बेमेतरा में नहीं होता तो हमे बाहर निजी अस्पताल में लगभग 80 हजार रुपए तक ऑपरेशन ईलाज में खर्च करना पड़ता जो कि यहां पूर्ण सुविधा दिया गया और ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से पूर्णतः निःशुल्क हुआ।

BMC
बी.एम. कॉलेज
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाउस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

**खबर संक्षेप**

## स्टेशन के विस्तार के नाम पर तितुरडीह के रहवासियों को नोटिस

**दुर्ग** । तितुरडीह मोहल्ले को तोड़ने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है। इस क्षेत्र में 150 से ज्यादा परिवार निवासरत हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने मंत्री गजेंद्र यादव और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ भी शिकायत की गई। लोगों ने कहा कि ववे पिछले 70 से 80 सालों से लोग तितुरडीह मोहल्ले में निवास कर रहे हैं। यहां लोग रोजी मजदूरी और महिलाएं लोगों के घर जाकर काम करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। बच्चों को बहुत मुश्किल से पढ़ा रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में 6 नवंबर को मोहल्ले में रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। कहा गयाा है कि मोहल्ले को तीन दिन के भीतर खाली कर दिया जाए, नहीं तो रेलवे द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इतने वर्षों से रह रहे लोगों को एक झटके में रेलवे प्रशासन द्वारा हटाने का काम किया जा रहा है।। यह आम गरीब लोग अब सड़क पर आने को मजबूर है। लोगों ने विस्थापन की मांग की है। परिवार के आधार पर घर दिलाने, 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की गई है।

## विद्यार्थियों के आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान निरंतर जारी

**दुर्ग**। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य तेजी से जारी है। इस अभियान के तहत स्कूलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक एवं आधार संबंधी अद्यतन कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 19745 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेशन, 3104 बच्चों का आधार अपडेशन तथा 18 विद्यार्थियों का नया आधार निर्माण किया जा चुका है।

# पिछले साल की खरीदी के बचे धान का तत्काल कराएं उठाव : कलेक्टर

**धान उपार्जन एवं मिलिंग तैयारी की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शअभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिले में धान उपार्जन, मिलिंग, चावल भंडारण की तैयारी एवं खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राईस मिल पंजीयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित विभागों एवं राईस मिलर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपार्जन से लेकर चावल भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी मिल संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कस्टम मिलिंग कार्य में कोई विलंब न हो।

धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी उपार्जन समितियों को बारदाना (बोरी) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। संबंधित अधिकारी खरीदी शुरू होने से पूर्व सभी संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पिछले वर्ष के उपार्जन सीजन से संग्रहण केंद्रों में बचे हुए धान के उठाव का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि नए सीजन की खरीदी के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।



### न हो बारदाना की कमी

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी संग्रहण केंद्रों में समय पर बारदाना पहुंच जाए और पिछले सत्र का पूरा धान उठाव हो जाए, इसके बाद ही खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सकेगा। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए। चावल परिवहन के लिए रैक मूवमेंट की समीक्षा की गई। समितियों में पुराने बारदानों की स्थिति का मूल्यांकन कर नए बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी उपार्जन एवं संग्रहण केन्द्रों में मरम्मत, सफाई और प्रारंभिक तैयारी कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया ताकि खरीदी कार्य सुचारु रूप से प्रारंभ हो सके। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री अनुराग भदौरिया, राईस मिल संचालक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर : संभाग आयुक्त और दुर्ग कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# मतदाताओं को दिया जा रहा दो की जगह एक प्रपत्र, 2003 का रिकार्ड भी नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर 4 नवंबर से शुरू हुआ अभियान मतदाताओं के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। निर्वाचन आयोग के बीएलओ घर-घर तो पहुंच रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सही और स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सिर्फ एक प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इसे भरकर जरूरी दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें, वे दो दिन बाद आकर इस प्रारूप को ले जाएंगे।

अब मतदाता 2003 की जानकारी को लेकर खासा परेशान हो रहा है। इसमें कई मतदाता ऐसे हैं, जिनके नाम 2003 में जुड़े नहीं थे। उनके पिता, मां या अन्य की मौत हो चुकी है। कुछ मामलों में महिला शादी करके आई हैं, उनके पास उनकी पुरानी मतदाता सूची ही नहीं है। कुछ लोगों ने अपना घर ही बदल दिया है, कुछ ऐसे हैं जिनके नाम से हर बार एक नया इपिक नंबर जारी हो गया है। ऐसे सारे मामलों में संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। इसकी जानकारी मतदाताओं को नहीं मिल पा रही है। सर्वे के नाम पर भी खानापूर्ति हो रही है।

**लापरवाही बरतने वाला बीएलओ निलंबित**

### कलेक्टर पहुंचे कसारीडीह और पोटिया, मतदाताओं से बातकर ली जानकारी

कलेक्टर ने बुधवार को दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों में गणना प्रपत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच एवं निरीक्षण किया। वार्ड 46 के मतदान केंद्र 188, पोटिया कला वार्ड 54 के मतदान केंद्र 195, कोस्टा पारा वार्ड 56 के मतदान केंद्र 5 एवं 6 तथा नया पारा वार्ड 2 के मतदान केंद्र 108 में पहुंचकर बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाताओं को गणना पत्र वितरण एवं संकलन कार्य की जांच ली। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर एवं उपस्थित पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निर्वाचकों/मतदाताओं उनके निवास स्थल जाकर रू-ब-रू होकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वन के संदर्भ में चर्चा की एवं मतदाताओं को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधान सभा क्षेत्र



### बीएलओ द्वारा लापरवाही बरते जाने पर किया निलंबन

डीईओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने शन्तानू कुमार मरकाम सहायक शिक्षक एलबी को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 09 (1)(क) के तहत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। शन्तानू मरकाम शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 11 भिलाई की ड्यूटी निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण में बीएलओ के तौर पर बीएसपी कन्या विद्यालय सेक्टर 11, खुर्सीपार, भिलाई में लगाई थी। 7 नवंबर से वे अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं। लगातार दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा किसी का भी प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। उनके घर पर बाहर से तालाबंद होना पाया गया। उनका यह

### संभागायुक्त के आवास पर बीएलओ पहुंचे गणना पत्रक वितरण करने

बीएलओ बुधवार को संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल ऑफिसर ने उनके घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया। राठौर का नाम विधानसभा क्षेत्र दुर्ग शहर 64 के मतदान केन्द्र क्रमांक 177 के सरल क्रमांक 546 में दर्ज है। राठौर ने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के इस कार्य में सभी निर्वाचक बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र के कोई भी पात्र मतदाता इस कार्य से वंचित न हो। एसआईआर कार्यक्रम के दौरान नाम जोड़ने, काटने तथा संशोधन हेतु भी निर्धारित प्रारूप में आवेदन बी.एल.ओ. को दे सकते हैं। संभागायुक्त श्री राठौर को गणना पत्रक वितरण के दौरान, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तम ध्रुव और प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, बूथ लेवल ऑफिसर श्रेयस ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## दिल्ली में हुए ब्लास्ट के विरोध में शहीद चौक में फूंका आतंकियों का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दिल्ली लाल किले के समीप बम धमाके के विरोध में बुधवार को शहीद चौक में आतंकियों का पुतला फूंका गया।

छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने इस दौरान जमकर नाराजगी व्यक्त की। मौन रखकर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सह संयोजक रवि निगम ने बताया कि घटना कायरतापूर्ण है। बॉर्डर पर भारत की दमदार सेना की वजह से बौखलाए हैं। जिहादी आतंकवादी हमारे लोगों को मारना चाह रहे हैं।विरोध प्रदर्शन के दौरान अजय सेन, इंद्रजीत गोस्वामी, रवि भारती, प्रिंस राजपूत, कमल साव, ईश्वर गुप्ता, पुष्पराज, रोहित सिंह, मनोज साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला 18 को

**दुर्ग**। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कैरियर काउंसिलिंग संबंधी कार्यशाला का आयोजन 18 नवम्बर को प्रातः 11 से 1 बजे तक किया जाएगा। ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (जिका) द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्रिएटिव एवं डिजिटल उद्योगों के वीएफएक्स, एनीमेशन, ग्राफिक डिज़ाइन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के संबंध में जागरूकता फैलाना है। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उक्त उद्योगों से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसर, उनकी व्यापकता एवं आवश्यक कुशलता के संबंध में विशेष महत्वपूर्ण जानकारी देकर युवाओं का मार्गदर्शन किया जायेगा ताकि वर्तमान समय में रोजगार बाजार के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों से इस पीढ़ी के युवा लाभान्वित हो सकें।




## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से कर्मी की मौत

**भिलाई।** क्रेन में अचानक करंट प्रवाह होने से कर्मी के चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि छावनी पटेल निवासी नवल पटेल 25 वर्ष साल भर से जामुल स्थित स्वास्तिक इंजीनियरिंग वर्क्स में काम कर रहा था। क्रेन में बिजली का तार संपर्क में आ गया। जहां कर्मी नवल काम कर रहा था। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने स्वास्तिक इंजीनियरिंग प्रबंधन पर पहुंचे। जहां नवल के मौत पर प्रबंधन ने मुआवजा और मेड़िक्लेम देने का आश्वासन दिया। कंपनी के द्वारा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चूक होने का आरोप भी लगाया है। हादसे ने पटेल परिवार का बेटा छिन लिया। जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। करंट कैसे लगी जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### पेंशनर महासंघ का वार्षिक अधिवेशन 15 को

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला इकाई का वार्षिक अधिवेशन सह दीपावली मिलन समारोह 15 नवम्बर शनिवार को केसरी नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण मीनाक्षी नगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। संगठन के जिला ईकाई अध्यक्ष बी के वर्मा ने बताया है कि आयोजन चार सत्रों में होगा, जिसमें प्रथम सत्र में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर के प्रमुख दंडीस्वामी डॉ इंदुभवानंद महाराज का मनुष्य जीवन की सार्थकता विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन होगा। द्वितीय सत्र में खेलकूद गतिविधियां तथा तृतीय सत्र में 4 से 4.45 बजे तक मंचीय कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, अध्यक्षता बी के वर्मा संभागीय अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि के रूप में वीरेंद्र नामदेव प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

## तैयारी : सबसे ज्यादा पाटन तहसील के 43352 किसानों का पंजीयन

# धान खरीदी : जिले के 1.8 लाख किसानों का रजिस्ट्रेशन, इस बार 4806 नए किसान

भिलाई। धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी। इस बार दुर्ग जिले के 1 लाख 8 हजार 727 किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। खास बात यह है कि इस बार 4806 नए किसान है जो पहली बार धान बेचेंगे। वहीं जिले के छह तहसीलों में सबसे ज्यादा किसान पाटन तहसील के हैं। इस तहसील में 43352 किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों का सत्यापन कार्य भी पूरा करवा लिया गया है।

## हड़ताल की वजह से किसानों को नहीं मिल पाया है टोकन



### 3331 किसानों ने कराया अपना रकबा संशोधित

सूत्रों के मुताबिक जिले के कई किसानों ने अपना रकबा संशोधित करवाया है। इसमें ऐसे किसान हैं जिनके बंटवारे की वजह से रकबा कम हो गया है। या फिर इस बार धान की जगह दूसरी फसल ले ली है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी जमीन दूसरे को बेच दी और अब उनके नाम कम जमीन ही रह गई है। ऐसे मामलों के आवेदित किसानों का रकबा संशोधित किया गया। कृषि व राजस्व विभाग ने रकबा का सत्यापन कार्य भी करवाया है ताकि किसानों को धान बेचने के दौरान कोई दिक्कतें उठाना नहीं पड़े।

### तीन पोर्टल में इस बार किसानों का वेरीफिकेशन

प्रदेश सरकार के आदेश के बाद दुर्ग सहित पूरे प्रदेशभर में तीन पोर्टल में किसानों का वेरीफिकेशन का कार्य चला। राज्य के भुईयां पोर्टल में किसानों के दर्ज नाम व रकबे का वेरीफिकेशन कार्य हुआ। उसके बाद सहकारी समिति स्तर पर भी पोर्टल में किसानों के नाम व रकबे का मिलान हुआ है। केंद्र सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल भी इस बार भेजा है। जिसमें भी किसानों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। तीन स्तर पर किसानों के रकबे का ब्योरा फीड किया गया है।

### किसानों को है टोकन का इंतजार

सहकारी समिति प्रबंधक व कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसानों को अभी तक धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल पाया है। जिले के 118 सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारी ठप सी हो गई है। किसानों ने बताया कि पिछले साल 9 नवंबर से धान का टोकन मिलना शुरू हो गया था। 12 नवंबर को धान खरीदी डेमो प्रक्रिया पूरी कर ली जाती। इस बार टोकन को लेकर किसान परेशान है।

### अरली वेरायटी धान कटाई 80 प्रतिशत पूर्ण

15 नवंबर से धान खरीदी होनी है इसलिए किसानों ने अरली वेरायटी की धान कटाई भी तेजी से कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक 80 प्रतिशत धान कटाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। किसान अपनी उपज को उपार्जन केंद्रों तक लाने के लिए हार्वेस्टर से धान की कटाई व मिंजाई का काम करवा रहे हैं। लेट वेरायटी की धान भी लगभग तैयार हो गई है। इसी महीने के अंतिम में इसकी भी किसान कटाई शुरू कर देंगे।

### जिले में तहसीलवार किसानों का रजिस्ट्रेशन

| तहसील | किसानों की संख्या | नए किसान |
|---|---|---|
| दुर्ग | 25619 | 1159 |
| अहिवारा | 11767 | 563 |
| धमधा | 17687 | 813 |
| पाटन | 43352 | 1799 |
| बोरी | 8775 | 424 |
| भिलाई | 1527 | 48 |
| कुल | 108727 | 4806 |

### सत्यापन कार्य पूरा

जिले के सभी किसानों का रजिस्ट्रेशन कार्य व सत्यापन का कार्य हमने पूरा करवा लिया है। नए और संशोधित किसानों की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करवा ली गई है। इस बार धान बेचने यदि किसान खुद नहीं आ पाया तो नामिनी आकर धान बेच सकता है। -संदीप कुमार भोई, उप संचालक, कृषि

# एमपी के कथावाचक पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- सतनामी समाज ने जताता आक्रोश, ज्ञापन सौंप, एसपी से की कार्रवाई

जिला सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति द्वारा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को ज्ञापन देकर मांग किया गया है कि ग्राम टोनही डबरी पंडरिया रोड तखतपुर के भागवत कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कथावाचक पंडित आशुतोष चैतन्य द्वारा अपने कथा के दौरान सतनामियों को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है।जिसमें सतनामियों को गौ हत्यारा जैसे शब्दों से उद्धृत किया गया है। आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज में आक्रोश व्याप्त है।उक्त कथा वाचक पर सख्त कार्रवाई किया जाए । समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में कहा गया है कि पंडित आशुतोष चैतन्य ने अपने कथा में सतनामियों को गौ हत्यारा कहकर उनकी धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। उनके द्वारा इस प्रकार के निम्न स्तरीय, संकीर्ण मानसिकता के बयानों से समाज काफी आहत महसूस कर रहा है। यह व्यक्तव्य सोशल मीडिया पर वायरल हुई है और सतनामी समाज में आक्रोश पैदा कर दिया है। सतनामी समाज इस घटना की जहां निंदा करते हैं और दोषी पंडित आशुतोष चैतन्य के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति अध्यक्ष आगर दास डेहरे व सचिव खेमसिंह बारले ने कहा कि पंडित आशुतोष चैतन्य जैसे छोटी मानसिकता के लोगों के कारण ही प्रदेश में सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है और वर्ग संघर्ष बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के धर्मगुरु अगम दास जी साहेब,राजमहंत नैनदास महिलांगे,अंजोर दास कोसले तथा मालगुजार रतिराम गौटिया जैसे समाज सेवकों के द्वारा अंग्रेजी हुकुमत के समय गौ हत्या के खिलाफ आंदोलन चला कर करमनडीह,ढाबाडीह में संचालित कत्लखानों को बंद कराया गया था। फिर भी समाज के लोगों को गौ हत्यारा कहकर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है। विगत दिनों पुनः इसी प्रकार के मामले को लेकर रायपुर के एक ब्यक्ति आदेश सोनी के खिलाफ समाज के लोगों द्वारा पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा गया था,जिस पर आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नही किया गया।जिसके परिणामस्वरूप आज पुनः इस प्रकार की घटना घटी है। उन्होंने पंडित आशुतोष चैतन्य को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग किया।उनके ऊपर कार्यवाही नही होने की स्थिति में शीघ्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### ये रहे शामिल

ज्ञापन देने वालों में आगर दास डेहरे, खेमसिंह बारले,खिलावन जांगड़े, डॉ किशोर कुमार डहरिया, राजेश नवरंगे,जितेन्द्र बघेल,संतोष घोरबंदे, धर्मेंद्र आडिल,उमेंद भारती, शांतिलाल बांधे, रामेवर बंजारे,लेखा भारती,बबलू जनार्दन, मूलचंद बंजारे,निर्जल कुमार डिंडोरे, रामेश्वर अनंत,राजेश राय, अधिवक्ता मणिशंकर दिवाकर,राजालाल बंजारे निरंजन डेहरे तथा समाज के अन्य लोग शामिल रहे।

# विधायक ललित ने किया समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ग्राम पुरैना के कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के निवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्राम की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ललित चंद्राकर ने समस्याओं को सज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी से बात कर तुरंत निराकरण किया। बता दें कि बिहार प्रवास से आने के बाद विधायक ललित चंद्राकर द्वारा पूर्व की भांति निवास स्थान पर जनदर्शन लगाकर क्षेत्र की समस्यायों को सुनकर निराकार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और प्रयासों से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ हुआ है। इस अवसर पर डी साईं, बी चंद्रवती, सुमित्रा, ईश्वरी, इंद्राणी वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### आत्मनिर्भर भारत ...

उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में इस तरह के आयोजन युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

### कर्मचारी हड़ताल के ...

(समिति प्रबंधक), बेलतरा मे बीपी देवांगन (ग्राकृविअ), कुरूद मे हिमांशु दुबे (ग्राकृविअ), खाती मे ओंकार प्रसाद सोनवानी (पटवारी), कन्हेरा मे संदीप वर्मा (सविअ), खैरझिटीकला मे टिकेश्वर वर्मा (ग्राकृविअ), ठेलका मे आशीष ठाकुर(पटवारी), बनरांका मे रोशन लाल जांगडे (पटवारी) कांपा मे शेख अबरार मोहम्मद (सप्र),नवागांवकला मे टुमन लाल बंजारे(पटवारी), हांटरांका मे अजय कुमार(सप्र), सोमईकला मे टीकम सिह देवांगन (पटवारी) तथा पदुमसरा मे रिमन पटेल (ग्राकृविअ) को प्रभारी समिति प्रबंधक की नियुक्ति की गयी है, अनुमान लगाया जा रहा है कि अब समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम कर्मचारी हड़ताल से भी प्रभावित नही होने वाला है।



## खबर संक्षेप



### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर होंगे आयोजन

**राजनांदगांव।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत जिला स्तर पर भी भव्य आयोजन होगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में केशकाल के विधायक निलकंठ टेकाम ने देते बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ कदम उठाया और लोगों को संगठित कर स्वतंत्रता का बिगुल बजाया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा जयंती, जनजाति गौरव दिवस पर नई पीढ़ी को आयोजन के माध्यम से उनकी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान लाभार्थी योजना का आयोजन करते केन्द्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। वहीं आयोजन के दौरान विभिन्न स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी देने प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला स्तर के आयोजन में समाज के प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केन्द्र और राज्य सरकार ने कई योजनाएं संचालित की है। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, टिकेश साहू, एमडी ठाकुर, नीलकंठ गढे, गोपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अपने आपको बैंक कर्मचारी बताकर 15 लाख रुपए का केसीसी लोन दिलाने के नाम पर प्रार्थिया से धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने लिखित शिकायत पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम हल्दी में 2.50 डिसमिल प्लाट खरीदने के लिए 25,00000 रुपए का सौदा तय हुआ था। जिसका ब्याना राशि प्रार्थिया द्वारा 5,00000 रुपए दिया था। जिसका रजिस्ट्री नहीं हुआ था। रजिस्ट्री के लिए केसीसी लोन के लिए वह अपने लड़के के साथ भारतीय स्टेट बैंक गए, जहां एक व्यक्ति जिसने अपने आपको बैंक का कर्मचारी हूं, कहकर अपना नाम अर्पित देवांगन बताकर केसीसी लोन 15,00000 रुपए दिलाने के एवज में 5,00000 रुपए की मांग किया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के दिशा-निर्देश पर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के निश्चित ठिकानों में पतासाजी कर आरोपी अर्पित देवांगन निवासी बाल गोविंद चौक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

**स्पर्धा :** ब्लॉक बेरला के संकुल केंद्र सलधा डंगनिया में हुआ भव्य आयोजन

# सांसद खेल महोत्सव में दिखा ग्रामीण प्रतिभाओं का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत संकुल केंद्र सलधा डंगनिया के तत्वावधान में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सलधा, खम्हरिया, सण्डी, डंगनिया-ब, बहिंगा, बहेरघट के प्रतिभागियों ने अपना खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोषी अश्वन निषाद, सियाराम सिन्हा सरपंच सलधा, विशिष्ट अतिथि स्वरुपानंद साहू सरपंच प्रतिनिधि, गुलाब राम साहू उपसरपंच खम्हरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सलधा कृष्ण कुमार साहू, संकुल समन्वयक राकेन्द्र साहू सलधा, राजासिंह वर्मा डंगनिया ब ने की। ग्राम पंचायत के सचिव प्रमोद सिंह राजपूत सलधा, सण्डी सचिव राजकुमार साहू, रोजगार सहायक जनकराम मिर्झा, सचिव पंचराम निषाद डंगनिया ब की सामुहिक सहयोग रहा। सांसद खेल महोत्सव में कबड्ड़ी बालक सलधा प्रथम, कबड्डी बालिका सण्डी प्रथम, खो खो सलधा प्रथम रहा।

- कबड्डी और खो-खो में ग्राम पंचायतों ने किया जबरदस्त प्रदर्शन

### इनकी रही सहभागिता

व्यायाम शिक्षक शिक्षा भोई, शिक्षक रविन्द्र साहू, सूर्यप्रकाश कुर्रे, विजय निर्मलकर, लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, कमलेश साहू, प्रमोददास मानिकपुरी, महेंद्र वर्मा, सुनील सोनी, अशोक साहू, चम्पा साहू, प्रकाश वर्मा, चेतन साहू, अरविंद कश्यप, ममता बघेल एवम संकुल के रसोईया, सफाईकर्मचारीगण, ग्रामीणजन व स्कूली बच्चों ने सहभागिता प्रदान की। शिक्षक लोकेश कुमार साहू ने ऑनलाइन एंट्री, शिक्षक ओमनारायण साहू ने कार्यक्रम की सफलतापूर्वक संचालन किया।





## साजा में सांसद खेल क्लस्टर स्तर का आयोजन संपन्न

**साजा।** सांसद खेल क्लस्टर स्तर का आयोजन ग्राम पंचायत केशतरा में 11 ग्राम पंचायत व एक नगर पंचायत के खिलाड़ी भाग ले रहे है जिसमें ग्राम पंचायत केशतरा बरगा भनोरा लालपुर मुसुवाडीह घोटवानी डोंगीतरई बीजा महीदही तेंदुवा बोड़ व एक नगरपंचायत साजा सम्मिलित है।

- 11 ग्राम पंचायत और एक नगर पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया
- खिलाड़ियों का विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन तय

जिसका उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष साजा बुलाक्र साहू, सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू, सरपंच ग्राम पंचायत केशतरा दिलेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत घोटवानी घनश्याम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत महीदही नीलकंठ पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत लालपुर सुनीता प्रशांत ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत भनोरा प्रमिला बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बरगा नंदकुमारी ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बीजा तोष पटेल सरपंच ग्राम पंचायत बोड़ टिकेश्वरी सोनू पटेल सरपंच ग्राम पंचायत डोंगीतर हृदय साहू सरपंच ग्राम पंचायत तेंदुवा योगेश्वरी शेषनारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत मुसुवाडीह नीलेश भारती ने भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी महात्मा गांधी जी के तेलचित्र पर आरती पूजा कर खेल का शुभारंभ किया उद्घाटन मैच बॉलीबॉल से हुआ क्लस्टर के समस्त ग्राम पंचायत के सचिव व व्यायाम शिक्षक,शिक्षक , खेल प्रभारी सीएसी का सहयोग रहा सांसद खेल में 9- 15,15- 30, 30से अधिक महिला/पुरुष व दिव्यांग वर्ग जिसमें बॉलीबॉल खो खो कबड्डी योगासन योग फुगड़ी सुरीली कुर्सी फुगड़ी कुश्ती गेड़ी दौड़ 100 मीटर 400 मीटर दौड़ दिव्यांग 100 मीटर दौड़ का खेल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी विधानसभा स्तरीय खेल में भाग लेंगे।





### सांसद खेल महोत्सव 2025 का द्वितीय चरण संपन्न

**साजा।** नवागांव कला में कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 द्वितीय चरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए हेमंत साहू जनपद प्रतिनिधि साजा , अध्यक्षता मन्नू वर्मा सरपंच नवागांव कला, विशेष अतिथि श्री किसन साहू जनपद प्रतिनिधि, गणेश सिन्हा जनपद सदस्य, हरदत्त साहू सरपंच कोपेडबरी रोहित पटेल सरपंच कुरूद मालिक राम सरपंच जेवरा विनोद साहू उप सरपंच, शत्रुघ्न साहू, विष्णु यादव, व गणमान्य जन इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## मनखे मनखे एक समान पूरे वेद और पुराण का सार है : डॉ. सौरव निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

छत्तीसगढ़ की धरती सदियों से संत परंपरा, आध्यात्मिकता और धार्मिक सहिष्णुता के लिए प्रसिद्ध रही है। हाल ही में प्रसारित कथावचन में एक कथावाचक द्वारा सतनामी समाज और उसके अनुयायियों के प्रति आपत्तिजनक, अपमानजनक और विभाजनकारी टिप्पणियाँ की गईं जो न केवल तथ्यपूर्ण रूप से गलत हैं बल्कि सामाजिक शांति और आपसी सम्मान के सिद्धांतों के लिए सीधा आघात हैं।



धर्म स्तंभ काउंसिल के संस्थापक डॉ. सौरव निर्वाणी एवं रामजानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास पूर्ण रूप से उक्त आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा :"धर्म का मूल उद्देश्य मानवता को जोड़ना है, विभाजन नहीं। छत्तीसगढ़ की शांत परंपरा में किसी भी व्यक्ति, संप्रदाय अथवा समाज के प्रति अपमानजनक भाषा या व्यवहार की किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो भी धार्मिक कृत्य या प्रवचन समाज में नफरत, भेदभाव या अपमान फैलाएगा, हम उसे अस्वीकार करते हैं।"हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि कथावाचक आशुतोष चैतन्य के इस कृत्य से सतनामी समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं और राज्य की सामाजिक शांति पर गंभीर प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। ऐसे कृत्य को सार्वजनिक जीवन में सहन नहीं किया जा सकता।

पूज्य बाबा घासीदास जी ने सारे वेद पुराण एक लाइन में कह दिए हैं मनखे मनखे एक समान यही वेद पुराण और सनातन का निचोड़ है। काउंसिल द्वारा घोषित कार्रवाई में तुरंत प्रभाव से उक्त कथावाचक को छत्तीसगढ़ की शांत धारा से बहिष्कार (सामाजिक व धार्मिक बहिष्कार) किया जाता है। यह बहिष्कार केवल सामाजिक व धार्मिक दायरे में है — अर्थात उसे राज्य के समस्त धार्मिक समारोहों, सार्वजनिक कथा कार्यक्रमों, अखाड़ों व मठ-मंदिरों से आमंत्रण नहीं मिलेगा; उसके किसी भी प्रकार के प्रवचन/कथा कार्यक्रमों का समर्थन काउंसिल द्वारा रोका जाएगा। काउंसिल राज्य प्रशासन, पुलिस व संबंधित न्यायिक संस्थाओं से आग्रह करती है कि उक्त कथावाचक के भड़काऊ बयानों की कानूनी रूप से जाँच-पड़ताल कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक तनाव की सम्भावना न रहे। काउंसिल सतनामी समाज से समन्वय करते हुए शांति व विश्वास बहाल करने हेतु जिला स्तरीय संवाद शिविर आयोजित करेगा, जिनमें समुदाय, संत, प्रशासनिक प्रतिनिधि और नागरिक समाज के सदस्य सम्मिलित होंगे। काउंसिल सभी धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से अपील करती है कि वे भी ऐसे कृत्यों की निंदा करें और सामूहिक रूप से शांति व सम्मान का संदेश फैलाएँ।



### काउंसिल की मांगे :

कथावाचक की ओर से सार्वजनिक रूप से क्षमा प्रार्थना व टिप्पणी की तुरंत वापसी। यदि वह सार्वजनिक रूप से माफी नहीं माँगता है, तो काउंसिल आवश्यक कानूनी कदम उठाने पर मजबूर होगी। राज्य सरकार एवं प्रशासन से अपेक्षा है कि वह ऐसे भड़काऊ बयानों पर जल्द और प्रभावी कार्रवाई करे ताकि सामाजिक सौहार्द को स्थायी मर्यादा मिले।

## बेमेतरा में सर्व शिक्षक संघ के वार्षिक चुनाव में बनी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा के शिक्षकों के प्रमुख संगठन "सर्व शिक्षक संघ" की बेमेतरा जिला इकाई का वार्षिक संगठनात्मक चुनाव बड़े ही उत्साह और लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नई जिला कार्यकारिणी का गठन और विकासखंड कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई, जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में मोहम्मद यासीर इरफ़ान प्रांतीय सह सचिव ने निष्पक्ष रूप से पूरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई। मतदान से पूर्व सभी प्रत्याशियों ने संगठन को सशक्त बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए।

- जिले के सभी ब्लॉकों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक किया मतदान



### ये हुए निर्वाचित

नव-निर्वाचित जिला पदाधिकारीयों मे जिलाअध्यक्ष सिद्धार्थ चतवारे ,कार्यकारी जिलाध्यक्ष मोहम्मद यासीर इरफ़ान उपाध्यक्ष पूर्णेंद्र तिवारी, सचिव लक्ष्मीनारायण साहू, सह सचिव आशीष परगनिहा, कोषाध्यक्ष विजय सप्रे मीडिया प्रभारी नुतेश्वर चंद्राकर, महामंत्री तारकेश दीवान, डॉ दीपक साहू, संगठनमंत्री पोषण साहू, मणिशंकर बिंझवार बनाए गए। **इन्हें मिली जिम्मेदारी:** जिला पदाधिकारियों के पश्चात बेमतरा के चारों विकासखंड का भी गठन किया। जिसमें बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी ऋषि कुमार साहू दी गई ओर उपाध्यक्ष पूनम कुमार साहू ,सचिव-चोवा राम साहू ,सह सचिव राकेश कुमार अहिलेश्वर, खेलन निषाद, ब्लॉक साज़ा अध्यक्ष श्रीराम साहू, उपाध्यक्ष-हेमेंद्र पंसारी, सचिव मन्नू साहू, सह सचिव खुमान साहू, ब्लॉक नवागढ़ अध्यक्ष गणेश कुमार वर्मा, ब्लॉक बेरला अध्यक्ष डॉ दीपक साहू, उपाध्यक्ष हारून अली, सचिव शान मोहम्मद, सह सचिव कोमल प्रसाद धनकर, हेमशंकर यादव नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले सत्र में सर्व शिक्षक संघ का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों की लंबित मांगों को शासन तक पहुँचाना, टेट का समाधान, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता लाना, वेतन विसंगतियों का निराकरण करवाना, दस वर्ष पूर्ण साथियों के क्रमोन्नत वेतनमान के लिए पहल करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों का सहयोग और पहल प्रमुख रहेगा।

**शिक्षक समाज के हक और सम्मान की रक्षा करना है उद्देश्य :** जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चतवारे ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी शिक्षक एक परिवार की तरह हैं। संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समाज के हक और सम्मान की रक्षा करना है। चुनाव उपरांत नव-निर्वाचित टीम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने एकता, सहयोग और संघर्ष के बल पर संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान के साथ हुआ।

### जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश

**खड़गांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा खडगांव की मासिक बैठक 12 नवंबर को तहसील अध्यक्ष गजानंद चौधरी के निवास में रखी गई। बैठक में सभी पेंशनरों को समय सीमा अंतर्गत संबंधित बैंकों में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने निर्देशित किया गया। बैठक में छतरूराम पिस्दा और रामकली चंद्रवंशी को जन्मदिन पर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन में तीन नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया।

## 15 नवंबर को मनाया जाएगा जनजाति गौरव दिवस

**बेमेतरा।** बिरसा मुंडा जी के 150 वी जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने विषय पर जिला भाजपा कार्यालय आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी अनु .जनजाती मोर्चा विदेशी राम ध्रुव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के 185 जयंती मनाने के लिए व्यापक रूप से कार्यक्रम तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा आगे कहा गया है कि भारत में 12 करोड़ जनजाति के लोग हैं जो देश की आत्मा है पर एक भी दिन जनजाति के लिए गौरांवित करने का दिन नहीं है इसी कारण जनजाति समाज को सामने लाने के लिए और जो इसे नहीं जानते उन्हें बताने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया प्रदेश में 47 तरह के जनजाति समाज के लोग रहते हैं बिरसा मुंडा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने बाल्यकाल अवस्था में ही अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे और उन्होंने अपने वीरता के सामने पर अंग्रेजों को परेशान किया गया था इसके अलावा महामारी के समय उन्होंने अपने तंत्र मंत्र विद्या से लोगों को महामारी से बचाने के लिए प्रयास किया और नियंत्रित करने लग गए थे तब से उन्हें भगवान के रूप में जाने जाते थे उन्होंने यह भी बताया कि यघपि बेमेतरा जिले में जनजाति बाहुल्य नहीं है फिर भी उनके बारे में जानकारी देने के लिए कॉलेज स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है इसके अलावा जनजाति के छात्रावास में जहां पर 10वीं 12वीं के विद्यार्थी रहते हैं वहां पर भी कार्यशाला आयोजित किया जाएगा इसके अलावा 15 तारीख को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा यह भी जानकारी दिया गया है कि छत्तीसगढ़ के 6661 गांव में इस संबंध में सर्वे करने की योजना लिया गया है और आदिवासी बहुल क्षेत्र में जहां पर मूलभूत सुविधा नहीं है वहां पर विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ,पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,हर्षवर्धन तिवारी होरीलाल सिन्हा उपस्थित थे।




**प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से हुई उपलब्धि**

## साल्हेपुर प्राथमिक विद्यालय में पूर्ण हुआ बहुप्रतीक्षित मुख्य गेट निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड बेरला अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय साल्हेपुर में वर्षों से बहुप्रतीक्षित मुख्य गेट का निर्माण पूर्ण होने पर संपूर्ण ग्राम में हर्ष का माहौल है। यह निर्माण विद्यालय की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल के अथक प्रयास, उनके व्यक्तिगत वेतन, अंशदान तथा ग्रामीणों एवं अभिभावकों के सहयोग से संभव हो पाया है। विद्यालय में मुख्य प्रवेश द्वार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।



प्रशासनिक प्रक्रियाओं और संसाधनों की कमी के कारण निर्माण कार्य वर्षों से लंबित था, परंतु विद्यालय के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने अपने व्यक्तिगत वेतन से राशि प्रदान कर इस सराहनीय कार्य की शुरुआत की। साथ ही ग्रामवासियों, पालकों एवं शिक्षा हितैषियों ने भी तन-मन-धन से सहयोग कर विद्यालय के इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में भागीदारी निभाई। प्रधान पाठिका अम्बालिका पटेल ने कहा कि विद्यालय विकास केवल सरकारी योजनाओं से ही नहीं बल्कि सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है। मुख्य गेट निर्माण के बाद विद्यालय परिसर की सुरक्षा, सौंदर्य और अनुशासन में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा।

बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने हो रहे प्रयास ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने इस कार्य की सराहना करते हुए प्रधान पाठिका ने कहा कि अंबालिका पटेल द्वारा विद्यालय को उन्नत और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उनका यह समर्पण प्रेरणादायक है। ग्रामीणों ने आगे भी विद्यालय के विकास कार्यों में सहयोग जारी रखने का संकल्प जताया। विद्यालय में इस कदम को सामुदायिक संवेदनशीलता और शिक्षण के प्रति समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल माना जा रहा है। यह पहल न केवल विद्यालय की गरिमा को बढ़ाती है बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक भागीदारी ही वास्तविक परिवर्तन का मार्ग है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे और सभी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर परस्पर बधाई दी।




